CAREERINDIA

**SET – 2**

**Series : GBM/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **66/2**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.c

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

CAREERINDIA

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द से **एक** वाक्य तक हों ।*

*(ii)* *3 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर 50–75 शब्दों के हों ।*

*(iii)* *4–5 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों के हों ।*

*(iv)* *6 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों के हों ।*

*(v)* *एक प्रश्न के **सभी** भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* *Answers to questions carrying **1** mark may be from **one** word to **one** sentence.*

*(ii)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from **50-75** words.*

*(iii)* *Answers to questions carrying **4-5** marks may be about **150** words.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **6** marks may be about **200** words.*

*(v)* *Attempt **all** parts of a questions together.*

1. प्रबंध के सिद्धांत किस प्रकार प्रबंधकों को वास्तविक दुनियावी स्थिति में उपयोगी पैठ कराते हैं ? उल्लेख कीजिए । **1**

   How do principles of management provide managers with useful insights in real world situations ? State.

2. प्रबंधन की एक छात्रा सीमा कक्षा में प्राप्त अपने ज्ञान को वास्तविक जीवन परिस्थितियों से ज़ोडना पसंद करती है । टेलीविज़न पर शैक्षिक कार्यक्रमों को देखते समय उसने बहुत सी स्थितियाँ देखी जो उसे वैज्ञानिक प्रबंध की अवधारणाओं की याद दिलाती थी । ऐसे ही एक कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल, कंम्प्यूटर तथा मोबाइल फोन जैसे उत्पादों के लिए पुर्जों का निर्माण करने वाले कारखानों पर कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा था ।

   वैज्ञानिक प्रबंध की उस तकनीक का नाम दीजिए जिसका पालन ऐसे उत्पादों का उत्पादन करते समय करना चाहिए । **1**

   Seema, a student of management likes to relate what she learnt in class to real life situations. She observed many situations while watching educational programmes on television that reminded her the concepts of Scientific Management. In one such programme, factories manufacturing components for products like automobiles, computers and mobile phones were shown.

   Name the concept of Scientific Management that should be adhered to, while manufacturing components for such products.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

3. 'वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम' लागू होने पर व्यवसाय क्षेत्र के विशेषज्ञों ने विभिन्न क्षेत्रों तथा उद्योगों पर इसके प्रभाव का विश्लेषण तथा पूर्वानुमान लगाना आरम्भ किया। एक स्थापित व्यवसायी अरुण ने अपने आपको इस सूचना से परिचित कराने के लिए इन विशेषज्ञों द्वारा आयोजित किए गये कुछ सेमिनार तथा सम्मेलनों में भाग लिया। वह अपने व्यवसाय के भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों में अनिश्चितताओं को कम करने के लिए इन पूर्वानुमानों का उपयोग करना चाहता था।

उपरोक्त अनुच्छेद में चर्चित नियोजन प्रक्रिया के चरण का नाम दीजिए। **1**

On the introduction of 'Goods and Services Tax Act', experts in the field of business started analysing and forecasting its impact on various sectors and industries. Arun, an established businessman, attended a few seminars and conferences organised by such experts to familiarize himself with this information. He wanted to use these forecasts and conjectures to reduce the uncertainty in making decisions for the future in his business.

Name the step in the planning process that is being discussed in the above paragraph.

4. नर्मदा गारमेंट्स लिमिटेड का विपणन प्रबंधक अमर, अपने अधीन कार्य करने वाले विक्रयकर्ताओं को कार्य संबंधित विषयों पर उनके निष्कपट विचारों तथा भावनाओं को स्वतन्त्रतापूर्वक अभिव्यक्त करने की अनुमति प्रदान करता है।

अमर द्वारा दूर किए गये संप्रेषण के संगठनात्मक अवरोध की पहचान कीजिए। **1**

Amar, the marketing manager of Narmada Garments Ltd. allows the salesmen working under him to freely express their frank opinion and feelings regarding work related matters before him.

Identify the organisational barrier to communication that has been overcome because of Amar's behaviour.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

5. सातविक मार्स लिमिटेड के वित्त प्रबंधक हैं। वह कम्पनी द्वारा अर्जित लाभ के एक भाग को लाभांश के रूप में अंशधारकों में वितरित करने का निर्णय लेने में कठिनाई का अनुभव कर रहा है। चालू वर्ष में कम्पनी ने अधिक लाभ अर्जित किया है। सातविक का सोचना है कि अधिक लाभांश घोषित करना अच्छा रहेगा क्योंकि वह आने वाले वर्षों में कम्पनी की सम्भावित आय के विषय में आश्वस्त हैं।

सातविक के लाभांश निर्णय के चुनाव को प्रभावित करने वाले कारक का नाम लिखिए। **1**

Satvik is the finance manager of Mars Ltd. He is facing difficulty in deciding the amount of profit earned by the company that should be distributed as dividend to the shareholders. In the current year the company earned high profit. However, Satvik thinks that it is better to declare higher dividend as he is sure about the earning potential of the company in the coming years.

Name the factor that affected Satvik's choice regarding dividend decision.

6. 'वाणिज्यिक प्रपत्र' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by a 'Commercial Paper' ?

7. 'प्रतियोगिता का स्तर' एक संगठन की कार्यशील पूँजी आवश्यकता को किस प्रकार प्रभावित करता है ? उल्लेख कीजिए। **1**

How does 'Level of competition' affect the working capital requirement of an organisation ? State.

8. नेतृत्व का अर्थ दीजिए। **1**

Give the meaning of leadership.



www.careerindia.com

CAREERINDIA

9. उत्पाद डिज़ाइन की अपनी पढ़ाई पूरी करने के पश्चात, सरह, विशिष्ट आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों की गतिशीलता तथा संप्रेषण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उत्पादों को ड़िजाइन करने का स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती है । उसने अपने मित्र को बताया कि वह अत्यधिक गुणवत्ता वाले तथा वहन करने योग्य मूल्य वाले उत्पादों पर "न लाभ तथा न हानि" आधार पर ध्यान देना चाहती है । उत्पादों को अनुपम विक्रय अवधारणा (यू.एस.पी.) विशिष्ट प्रकार से योग्य व्यक्तियों की संवेदिता की चुनौती तथा आवश्यकताएँ होगी । अपने पूर्व निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उसे क्रमबद्ध रूप से कई कदम उठाने होंगे ।

उपरोक्त पंक्तियों में सरह ने प्रबंध के एक कार्य का वर्णन किया है । इस कार्य की पहचान कीजिए तथा उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित चरण के अतिरिक्त अन्य चरणों का क्रमबद्ध रूप से उल्लेख कीजिए । 3

After completing her studies in product design, Sarah wishes to start her own business to design products to cater to the mobility and communication requirements of persons with special needs. She told her friend that she wanted to focus on supplying high quality and affordable products on "no profit - no loss basis". The Unique Selling Proposition (U.S.P.) of the products will be sensitivity to the challenges and needs of the differently abled. She has to follow a series of steps to attain her predetermined objectives.

In the above lines, Sarah has discussed about one of the functions of management. Identify the function and state its steps in chronological order other than the one discussed in the above para.

10. मीरेकल लिमिटेड स्टेशनरी तथा कार्यालय फर्नीचर के विक्रय में संलग्न है । वे विख्यात ब्राण्डों से उत्पादों का स्त्रोतीकरण करते हैं जो उन्हें चार से छ: माह का उधार देते हैं । क्योंकि इलैक्ट्रोनिक वस्तुओं की मांग बढ़ गई है, वे इन वस्तुओं को बेचने की योजना भी बना रहे हैं । इसके लिए उन्होंने इलैक्ट्रोनिक वस्तुओं के एक जापानी उत्पादक के साथ भारत के विभिन्न भागों में विक्रय शाखाएँ खोलने के लिए सहयोग किया है ।

उपरोक्त वर्णित कारकों को छोड़कर ऐसे किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए जो मीरेकल लिमिटेड की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करेंगे । 3

Miracle Ltd. deals in the sale of stationery and office furniture. They source the finished products from reputed brands who give them four to six months credit. Because of increase in the demand for electronic items, they are planning to sell these items also. For this, they have decided to join hands with a Japanese electronic goods manufacturer, to open sales outlets throughout India.

State any three factors affecting working capital requirement of Miracle Ltd. other than the factors discussed above.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

11. प्रशिक्षण की निम्न विधियों को समझाइए :

(i) प्रकोष्ठ प्रशिक्षण; तथा

(ii) स्थानबद्ध प्रशिक्षण (इंटर्नशिप प्रशिक्षण) । **3**

Explain the following methods of training :

(i) Vestibule Training; and

(ii) Internship Training.

12. निम्नलिखित आधारों पर 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर्भेद कीजिए :

(i) सुरक्षा;

(ii) तरलता; तथा

(iii) अवधि। **3**

Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of :

(i) Safety;

(ii) Liquidity; and

(iii) Duration.

13. भर्ती के बाह्य स्त्रोतों की किन्हीं तीन सीमाओं का उल्लेख कीजिए । **3**

State any three limitations of external sources of recruitment.

14. इरमा एक प्रतिष्ठित कम्पनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी है । उसने अपनी कम्पनी के कर्मचारियों के लिए एक उपयुक्त कौशल विकास कार्यक्रम तथा एक अच्छी पदोन्नति नीति शुरू की । सर्वोत्तम प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अभिप्रेरित करने तथा कम्पनी में बनाए रखने के लिए उसने कम्पनी के प्रबंधको की कार्य विषय–वस्तु में अत्यधिक विभिन्नता का समावेश कर प्रबंधकों के कार्य को डिज़ाइन किया ।

उसके द्वारा पहले से लागू किए गए अभिप्रेरकों के अतिरिक्त ऐसे किन्हीं दो अभिप्रेरकों को समझाइए जिन्हें इरमा अपनी कम्पनी के कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिए लागू कर सकती है । **4**

Irma is the chief executive officer of a reputed company. She introduced appropriate skill development programmers and a sound promotion policy for the employees of her company. To motivate and retain the best talent in the company, she designed the jobs of the managers to include greater variety of work content.

Explain any two other incentives that may be introduced by Irma other than those already introduced by her to further motivate the employees of her company.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

15. हर्बल तथा आयुर्वेदिक दवाओं एवं पंसारी-सामान का उत्पादन करने वाली एक नई तथा अग्रणी कम्पनी विन्धया आयुर्वेद लिमिटेड ने थोड़े समय में बाज़ार के एक बड़े भाग पर कब्जा कर लिया है । दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं जैसे टूथपेस्ट से बिस्कुट तक, इन्सटेंट नूडल्स से साबुन, शैम्पू तथा डिटरजेन्ट आदि तक पर्यावरण-अनुकूल, रसायन-मुक्त तथा स्वस्थ वैकल्पिक वस्तुओं के विकास के लिए कम्पनी का रिसर्च तथा विकास (आर.एण्ड डी.) विभाग काफी समय तथा प्रयास लगाता है । उनकी व्यावसायिक दिशा, अदूरदर्शी प्रतिस्पर्धियों, जो विक्रय बढ़ाकर लाभ बढ़ाना चाहते हैं से भिन्न है । इसके बजाय विन्धया आयुर्वेद लिमिटेड चाहती है कि लक्षित बाज़ार के ग्राहकों की इच्छाओं तथा आवश्यकताओं को समझते हुए ऐसे उत्पादों एवं सेवाओं का विकास किया जाए जो उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं तथा इच्छाओं को सन्तुष्ट कर लाभ में बढ़ोतरी कर सके ।

(i) विन्धया लिमिटेड द्वारा अपनायी गई विपणन प्रबंधन अवधारणा की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(ii) कम्पनी द्वारा प्रोत्साहित किए जाने वाले किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख भी कीजिए । **4**

Vindhya Ayurved Ltd., a new and leading manufacturer of herbal and ayurvedic medicines and grocery products has captured a large share of the market in a short span of time. The Research and Development (R & D) department of the company spends considerable time and effort in developing eco-friendly, chemical-free and healthy alternatives for a variety of products of daily use, from toothpaste to biscuits, instant noodles to soaps, shampoos and detergents etc. Their business orientation differs from competitors who are short-sighted and want to maximize profit by maximising sales. Instead Vindhya Ayurved considers maximization of profit by understanding needs and wants of customers in the target market and development of products or services for satisfying such needs and wants.

(i) Identify and explain the marketing management philosophy adopted by Vindhya Ayurved Ltd.

(ii) State any two values that are being promoted by the company.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

16. नेल्लोर के शान्ति अस्पताल में रामन मानव संसाधन प्रबंधक है । उसे अस्पताल के लिए नर्सों की नियुक्ति करनी है । इसके लिए उसने प्रारंभिक साक्षात्कारों का आयोजन कर लिया है । क्योंकि अस्पताल में विभिन्न प्रकार के मरीज़ होते हैं, उसने रोगियों के साथ व्यवहार में उम्मीदवारों की परिपक्वता तथा मनोभाव का पता लगाने के लिए टेस्टों का आयोजन भी कर लिया है । उसने उम्मीदवारों की निर्णय लेने की योग्यता को ज्ञात करने के लिए भी टेस्टों का आयोजन कर लिया है ।

चयन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए रामन द्वारा लिए जाने वाले शेष चरणों को समझाइए । **4**

Mr. Raman is the human resource manager of Shanti Hospital in Nellore. He has to appoint nurses for the hospital. For this he has conducted preliminary interviews. Since patients in the hospital are of different types, he has also conducted tests to find out the candidates' maturity and emotions in dealing with the patients. He has also conducted tests to know about the candidates' ability to take decisions.

Explain the remaining steps that Mr. Raman should take to complete the selection process.

17. अनौपचारिक संगठन की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **4**

State any four features of informal organisation.

18. नियन्त्रण प्रक्रिया के चरणों को समझाइए । **4**

Explain the steps in the process of controlling.

19. रीमा अपनी कम्पनी ग्लोब लिमिटेड की अत्यधिक सफल प्रबंधक है । उसे ज्ञात है कि प्रबंध के सिद्धांत सभी प्रकार के संगठनों में प्रयुक्त किए जा सकते हैं । यह संगठन व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक, छोटे एवं बड़े, सार्वजनिक तथा निजी हो सकते हैं ।

(i) उपरोक्त चर्चा में प्रबंध के सिद्धांतों की प्रकृति के एक बिन्दु पर चर्चा की गई है । इस बिन्दु की पहचान कीजिए ।

(ii) उपरोक्त में पहचाने गए प्रबंध की प्रकृति के बिन्दु के अतिरिक्त किन्हीं तीन अन्य बिन्दुओं को समझाइए । **4**

Reema is one of the most successful managers of her company, Globe Ltd. She knows that the principles of management are intended to apply to all types of organisations, business as well as non-business, small as well as large, public sector as well as private sector.

(i) One of the points related to the nature of management principles is being highlighted in the above description. Identify the point.

(ii) Explain any three other points of the nature of principles of management other than the one identified above.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20. साकार फाउन्डेशन एक गैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) है जो बच्चों की चिकित्सा सम्बन्धित आवश्यकताओं, गृहविहीन तथा प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ितों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास कर रही है । नगद दान के अतिरिक्त वे दान देने वालो से सूखा राशन, पुराने वस्त्र, जूते, खिलौने, पुस्तकें, दवाइयाँ इत्यादि एकत्रित करते हैं । साकार फाउन्डेशन के लखनऊ कार्यालय में एकत्रित सामान को अलग-अलग करके, श्रेणीकृत किया जाता है तथा व्यवस्थित रूप से लेबल लगे हुए शेल्फों तथा बक्सों में रखा जाता है । यहाँ प्रत्येक मद का एक विशिष्ट स्थान है तथा स्वयंसेवक प्रत्येक मद को इनके निश्चित स्थान पर रखते हैं । स्वयंसेवको का काम विशिष्ट प्रकार के कार्यों में विभक्त है, जैसे कोष एकत्रित करना, क्षेत्रों का निरीक्षण करना, सोशल मीडिया अद्यतन आदि । प्रत्येक स्वयंसेवक अपनी योग्यता एवं प्रशिक्षण के आधार पर एक विशिष्ट टीम का हिस्सा है । प्रत्येक स्वयंसेवी अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ बन जाता है जिससे मानवीय प्रयासों का कुशल उपयोग होता है ।

साकार फाउन्डेशन का प्रबंधन स्वयंसेवियों द्वारा दिए गये रचनात्मक सुझावों से कान बन्द करना नहीं है । स्वयंसेवकों तथा प्रबंध के मध्य कार्य तथा उत्तरदायित्व का बराबर विभाजन है । पूरे समय प्रबंध स्वयंसेवकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करता है, उनकी सहायता करता है, उनको प्रोत्साहित करता है तथा उनका मार्ग प्रशस्त करता है ।

(i) साकार फाउन्डेशन द्वारा अपनाये गये 'वैज्ञानिक प्रबंध' तथा 'सामान्य प्रबंध' प्रत्येक के एक-एक सिद्धांत की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(ii) उन दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए जिन्हें साकार फाउन्डेशन अपने कार्यों द्वारा समाज के समक्ष प्रस्तुत एवं प्रोत्साहित करना चाहता है । **5**

Sakaar Foundation is an NGO (Non-Governmental Organization) working to improve the lives of children with medical needs, the homeless and victims of natural disasters. Apart from donations in cash, they collect dry ration, old clothes, shoes, toys, books, medicines etc. from donors. At Sakaar Foundation's office in Lucknow the material collected is segregated, classified and put in shelves and boxes that are labelled systematically. There is a specific place for each of these items and volunteers put everything at their respective places.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

The volunteer work is divided into specific jobs like fund raising, field visits, social media updates and so on. Each volunteer is part of a particular team, depending on their competency and training. Each volunteer becomes specialized in their respective field, leading to efficient utilization of human effort.

The management of Sakaar Foundation does not close its ears to any constructive suggestions made by the volunteers. There is an equal division of work and responsibility between volunteers and management. All the day long the management work side by side with the volunteers helping, encouraging and smoothing the way for them.

(i) Identify and explain one principle each of 'Scientific Management' and 'General Management' adopted by Sakaar Foundation.

(ii) State any two values that Sakaar Foundation is displaying and promoting in society through their work.

21. व्यावसायिक पर्यावरण के महत्त्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं का वर्णन कीजिए । **5**

Describe any five points of importance of business environment.

22. शिवम् ने दवाइयों की दुकान पर प्रदर्शित की गई एक दर्द निवारक मरहम को देख कर इसका क्रय किया । मरहम की ट्यूब गत्ते के बॉक्स में पैक की गई थी । दवा विक्रेता ने थोक विक्रेता से ट्यूबों की 20 ईकाईयों को नालीदार बक्सों में प्राप्त किया । दर्द निवारक मरहम के पैकेज़िंग के विभिन्न स्तरों की पहचान कीजिए तथा समझाइए । **5**

Shivam bought a pain relieving ointment after seeing it being displayed in the chemist's shop. The ointment tube was packed in a cardboard box. The tubes were received by the chemist from the wholeseller in corrugated boxes containing 20 units. Identify and explain the different levels of packaging of the pain relieving medicine.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

23. शिकायतें वास्तविक होने पर, निम्न परिस्थितियों में प्रत्येक के लिए उपभोक्ता न्यायालय द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली किन्हीं दो राहतों का उल्लेख कीजिए ।

(i) आपूर्ति कम होने के कारण कोमल से एन.सी.ई.आर.टी. की व्यवसाय अध्ययन की पुस्तक का मुद्रित मूल्य से अधिक मूल्य वसूल किया गया ।

(ii) कुमार को एक खराब इंजन वाला ट्रक बेचा गया ।

(iii) एक नये क्रय किए गये खराब इलैक्ट्रिक आयरन के उपयोग से सुरेश को चोट आई । **6**

Explain any two reliefs that the Consumer Court can grant to consumers in case of genuine complaints in each of the following situations.

(i) Komal was charged more than the printed price for a NCERT business studies book being in short supply.

(ii) Kumar was sold a truck with a defective engine.

(iii) Suresh suffered injury while using a newly bought defective electric iron.

24. एक उद्यमशील व्यवसायिक महिला राधा, पिछले दस वर्षों से एक मछली पालन उद्योग का संचालन कर रही है । उसने अपने व्यवसाय से दस लाख रुपये की बचत की । उसने इस धन को अपने व्यवसाय को बढ़ाने में लगाने की अपनी ईच्छा अपने परिवार के साथ साझा की । उसके परिवार के सदस्यों ने उसे विभिन्न सुझाव दिए जैसे पुरानी मशीनों को बदल कर नई मशीनों का क्रय, नई तकनीक वाले सभी नये उपकरणों का क्रय, किसी अन्य गांव में मछली उद्योग की एक नई शाखा खोलना आदि । क्योंकि ये निर्णय उसके व्यवसाय के लिए महत्त्वपूर्ण है; इनमें अत्यधिक धन की आवश्यकता होती है तथा बहुत लागत के अलावा इन्हें अन्तिम निर्णय लेने से पूर्व बदला नहीं जा सकता, अत: राधा निर्णयों के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना चाहती है ।

(i) राधा द्वारा लिए जाने वाले वित्तीय निर्णय की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(ii) इस निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो करकों को भी संक्षेप में समझाइए । **6**

Radha is an enterprising businesswoman who has been running a fishery for the past ten years. She has saved ₹ 10 Lakhs from her business. She shared with her family her desire to utilize this money to expand her business. Her family members gave her

www.careerindia.com

CAREERINDIA

different suggestions like buying new machinery to replace the existing one, acquiring altogether new equipment with latest technology, opening a new branch of the fishery in another village and so on. Since these decisions are crucial for her business, involve huge amount of money and are irreversible except at a huge cost, Radha wants to analyse all aspects of the decision, before taking any steps.

(i) Identify and explain the financial decision to be taken by Radha.

(ii) Also explain briefly any two factors that affect this decision.

25. 'कार्यात्मक संगठन ढाँचे के कुछ लाभ एवं कुछ दोष होते हैं जिन्हें एक उद्यम को इसे अपनाने से पूर्व ध्यान में रखना आवश्यक है ।' इस ढाँचे के ऐसे किन्हीं तीन लाभों एवं तीन दोषों को समझाइए । **6**

'The functional structure of organisation has certain advantages and disadvantages which an enterprise must take into consideration before adopting it.' Explain any such three advantages and any three disadvantages of this structure.

www.careerindia.com